श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में कल्चरल फेस्ट का आयोजन हुआ

अजय प्रताप सिंह

पलवल। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में कल्चरल फेस्ट नेपुण्य का भव्य आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस समारोह में संबद्ध कॉलेजों के विद्यार्थियों के भी अपना जलवा बिखेरा। इसके लिए विश्वविद्यालय परिसर में 5 स्थानों पर आयोजन किए गए। ग्रुप डांस और एकल नृत्य में विद्यार्थियों ने खूब वाहवाही लूटी और सभागार झूमता हुआ नजर आया। कविता पाठ, रंगोली, चित्रकला, गायन और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने सार्थक संदेश दिए। कल्चरल फेस्ट में हरियाणवी के मशहूर कलाकार विश्वजीत चौधरी और गायिका तनीषा ने भी अपना जलवा बिखेरा। कौशल विश्वविद्यालय में कला की इस झलक ने रंगत भर दी। कुलपति

डा राज नेहरू, कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा, अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आर एस राठौड़ और छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर कुलवंत सिंह ने कलाकारों और विद्यार्थियों को सम्मानित किया।